
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

पुण्यतिथि विशेष

**01 अगस्त 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

महान उपलब्धियां कभी भी आसानी से नहीं मिलती और

आसानी से मिली उपलब्धियां महान नहीं होती।

**बाल गंगाधर तिलक**

**( स्वतंत्रता सेनानी )**

जन्म : 23 जुलाई 1856 मृत्यु : 01 अगस्त 1920



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया



# जहानाबाद जिले की स्थापना 1अगस्त




जहानाबाद जिले की स्थापना 1 अगस्त 1986 को हुई थी, क्योंकि 1872 तक जहानाबाद, गया जिले का एक उपमंडल था। जहानाबाद जिले में मौर्य कालीन बहुत से गुफाये है,विश्व प्रसिद्द बाराबर गुफा भी जहानाबाद में ही है जहां बाबा सिद्धेश्वरनाथ का एक अत्यंत प्राचीन मंदिर है। इस जिले का नाम जहानाबाद क्यों रखा गया, इसका एक छोटा सा इतिहास है, जहानाबाद का नाम मुग़ल शासक शाहजहाँ और उनकी पत्नी अरजुमंद बानू बेगम की पुत्री जहाँआरा बेगम साहिब के नाम पर रखा गया था, इनका जन्म 2 अप्रैल 1614 में हुआ था, इसलिए उनके नाम पर ही इस स्थान का नाम जहानाबाद रखा गया। जहानाबाद जिला, बिहार की राजधानी पटना से रेलमार्ग से 45 एवं सड़क मार्ग से 56 किलोमीटर दूर दरधा नदी एवं यमुना नदी के संगम पर स्थित है। इसके उत्तर में पटना, दक्षिण में गया, पूरब मे नालंदा एवं पश्चिम में अरवल जिला है। सम्पूर्ण जिले की भूमि समतल मैदानी क्षेत्र है। सोन, पुनपुन, फल्गू, दरधा और यमुना नदियां इस जिले से होकर गुजरती हं। सिर्फ सोन एवं पुनपुन नदी जहानाबाद जिले के पश्चिमी किनारे को छूती हुई गुजरती हैं। जहानाबाद जिले में 3 विधान सभा सीट है, जहानाबाद, घोसी,मखदुमपुर

जहानाबाद जिले में कूल 7 प्रखंड है, जिसके अंदर 93 पंचायत, एवं 631 गांव है।

# पुण्यतिथि विशेष 01 अगस्त



## समाज सुधारक
## लोकमान्य
# बाल गंगाधर तिलक जी
## की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि कोटि नमन

**बाल गंगाधर तिलक** *Bal Gangadhar Tilak*, जन्म- 23 जुलाई, 1856, रत्नागिरी, महाराष्ट्र; मृत्यु- 1 अगस्त, 1920, मुंबई) विद्वान, गणितज्ञ, दार्शनिक और उग्र राष्ट्रवादी व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता की नींव रखने में सहायता की। उन्होंने 'इंडियन होमरूल लीग' की स्थापना सन् 1914 ई. में की और इसके अध्यक्ष रहे तथा सन् 1916 में मुहम्मद अली जिन्ना के साथ लखनऊ समझौता किया, जिसमें आज़ादी के लिए संघर्ष में हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रावधान था।

# TOB
# खेल कॉर्नर




# ओवल स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के टॉप-3 स्कोर

## टीम इंडिया

| | | |
|---|---|---|
| 664/10<br>vs इंग्लैंड<br>2007 | 606/9<br>डिक्लेयर vs<br>इंग्लैंड, 1990 | 508/10<br>vs इंग्लैंड<br>2002 |

## इंग्लैंड टीम

| | | |
|---|---|---|
| 903/7<br>डिक्लेयर vs<br>ऑस्ट्रेलिया<br>1938 | 604/9<br>डिक्लेयर vs<br>सा.अफ्रीका<br>2003 | 594/10<br>vs भारत<br>1982 |

Teachers of Bihar
The Change Makers


# शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द 01.08.2025

## अभिव्यक्ति शिक्षा

"अभिव्यक्ति शिक्षा" का मतलब है शिक्षा के माध्यम से विचारों, भावनाओं और ज्ञान को व्यक्त करने की क्षमता का विकास. यह एक व्यापक अवधारणा है जिसमें भाषा, कला, संगीत, नाटक और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने और खुद को व्यक्त करने के तरीके शामिल हैं।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
बिहार में एक साल के बच्चे ने असली कोबरा को खिलौना समझ कर काट लिया, जिससे सांप की मौत हो गई। सांप को काटने के बाद बच्चा कुछ देर के लिए बेहोश हो गया, मगर अब वो खतरे से बाहर है।
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पद्य पंकज
तप रे मधुर-मधुर मन!
विश्व-वेदना में तप प्रतिपल,
जग-जीवन की ज्वाला में गल,
बन अकलुष, उज्जवल औ' कोमल,
तट रे विधुर -विधुर मन!
सुमित्रा नंदन पंत
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत रत्न
पुरुषोत्तम दास टंडन
की जयंती पर सादर नमन।
जन्म : 1 अगस्त 1882 - मृत्यु : 1 जुलाई 1962
Madhu priya
/teachersofbihar





# जहानाबाद

**जिला स्थापना दिवस पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां।**

Madhu priya

/teachersofbihar


1अगस्त
पुण्यतिथि
बाल गंगाधर तिलक
(23 जुलाई 1856-1 अगस्त 1920)
की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya